मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 01/01/2019, दिनांक 21.02.2019

चिकित्सा अधिकारी के बैकलाग पदों की पूर्ति हेतु जारी विज्ञापन में बीमा चिकित्सा अधिकारी / सहायक शल्य चिकित्सक के पदों का संयोजन तथा ऑनलाइन आवेदन भरने की अवधि में संशोधन की सूचना

अभिलेखों सहित आयोग कार्यालय में आवेदन प्रेषण की अंतिम तिथि 25.03.2019

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **15.03.2019**

01 आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु **चिकित्सा अधिकारी** के 1065 बैकलाग पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2019, दिनांक 15.02.2019 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 18.02.2019 के अंक में प्रकाशित किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में श्रम विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु **बीमा चिकित्सा पदाधिकारी / सहायक शल्य चिकित्सक** के पदों को निम्नानुसार संयोजित किया जाता है :-

रिक्ति विवरण								
श्रम विभाग, मध्य प्रदेश शासन								
पद का नाम	कुल पद	रिक्तियों की वर्गवार संख्या			रिक्तियों में मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिलाओं हेतु आरक्षित पद			रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पद
		अनु॰ जाति	अनु॰ जनजाति	अ॰ पि॰ व॰ (गैर क्रीमी लेयर)	अनु॰ जाति	अनु॰ जनजाति	अ॰ पि॰ व॰ (गैर क्रीमी लेयर)	
बीमा चिकित्सा पदाधिकारी / सहायक शल्य चिकित्सक	67	11	36	20	4	12	07	6 (लोकोमोटर डिसेबिलिटी)

विशेष टीप :-	1.	उपरोक्त रिक्तियां श्रम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा संधारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार है तथा रिक्तियों में केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित पद सम्मिलित है।	
	2.	अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में निम्न विकल्पों में से एक का चयन करना होगा :-	
		अ.	केवल चिकित्सा अधिकारी हेतु आवेदन
		ब.	केवल बीमा चिकित्सा अधिकारी/ सहायक शल्य चिकित्सक हेतु आवेदन।
		स.	दोनों पदों हेतु आवेदन (दोनों पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी पदों के संदर्भ में अग्रमान्यता चयनित करेंगें)
	3.	अभ्यर्थियों को पदों हेतु उनके द्वारा चयनित विकल्प तथा अग्रमान्यता के अनुसार ही विचारित किया जाएगा।	
	4.	चयनित विकल्प /अग्रमान्यता के आधार पर जिन अभ्यर्थियों का चयन किसी भी पद की मुख्य सूची में होगा उन्हें दूसरे पद की मुख्य/ प्रतीक्षा सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।	

03 उक्त पदों हेतु शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-

एम॰बी॰बी॰एस॰ या समकक्ष

समकक्ष अर्हता :- भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।

भारतीय चिकित्सा परिषद से रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थी।

टीप:- मध्य प्रदेश चिकित्सा परिषद में पंजीकृत अभ्यर्थी स्वयंमेव भारतीय चिकित्सा परिषद से पंजीकृत मान्य किए जाएंगें।

04 उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन के संदर्भ में विज्ञापन में उल्लेखित विभिन्न तिथियों को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:-

1. ऑनलाइन आवेदन अवधि : 27.02.2019 से**15.03.2019**
2. त्रुटि सुधार अवधि : 05.03.2019 से 17.03.2019
3. आयोग में अभिलेख सहित आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : **25.03.2019**

05 उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र **www.mponline.gov.in, www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in,** एवं **www.mppsc.com** पर उपलब्ध है जो mponline के कियोस्क पर नगद भुगतान के अतिरिक्त क्रेडिट कार्ड तथा नेट बैंकिंग के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर जमा किए जा सकते है। **mponline** के अधिकृत कियोस्क की सूची उपरोक्त वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

06 विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 15.02.2019 के अंक का अवलोकन करें। विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in,** एवं **www.mppsc.com** पर उपलब्ध है।

07 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगीं।

सचिव